# राजस्थान बजट 2025-26 का सार

- **उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान विधानसभा में राजस्थान बजट 2025-26 पेश किया–**
  19 फरवरी, 2025 को उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दीया कुमारी ने राज्य विधानसभा में राजस्थान बजट 2025-26 पेश किया।
  उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा तीसरी बार राज्य बजट प्रस्तुत किया गया।

**राजस्थान बजट 2025-26 : आय व्यय अनुमान**

| मद | राशि (₹ लाख में) संशोधित अनुमान 2024-25 | आय-व्यय अनुमान 2025-26 |
|---|---|---|
| राजस्व प्राप्तियाँ | 26261827.54 | 29453648.61 |
| पूँजीगत प्राप्तियाँ | 23633586.72 | 24264754.26 |
| **कुल प्राप्तियाँ** | **49895414.26** | **53718402.87** |
| राजस्व व्यय | 29455742.67 | 32554589.89 |
| पूँजीगत व्यय | 20428979.17 | 21152304.22 |
| **कुल व्यय** | **49884721.84** | **53706894.11** |
| राजस्व घाटा | 3193915.13 | 3100941.28 |
| बजट आधिक्य | 10692.42 | 11508.76 |
| **राजकोषीय घाटा** | **7009083.81** | **8464362.98** |

| ₹ आता है | | ₹ जाता है | |
|---|---|---|---|
| राज्य वस्तु एवं सेवा कर | 11.8% | आंतरिक व केन्द्रीय ऋणों का पुनर्भुगतान एवं आकस्मिकता निधि का विनियोग | 29.3% |
| राज्य उत्पाद शुल्क | 3.7% | | |
| वाहनों पर कर | 1.8% | | |
| अन्य कर | 3.5% | | |
| बिक्री कर | 5.7% | ऋण एवं अग्रिम | 0.07% |
| कर भिन्न राजस्व | 5.0% | राजस्व व्यय (ब्याज अदायगी अतिरिक्त) | 53.2% |
| केन्द्रीय सहायता | 7.3% | | |
| केन्द्रीय करों में हिस्सा | 16% | ब्याज की अदायगी | 7.5% |
| आंतरिक उधार, शुद्ध सार्वजनिक लेखा, केन्द्रीय ऋण, ऋणों की वसूली, विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ एवं आकस्मिकता निधि | 45.2% | पूँजीगत परिव्यय | 10% |

## राजस्थान बजट 2025-26 के महत्त्वपूर्ण बिन्दु

- वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य बजट में राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) का 4.25% रहने का अनुमान व्यक्त किया है।
- GSDP वर्ष 2025-26 में बढ़कर 19 लाख 89 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान।
- वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का निर्माण का अनुमान।

**पेयजल :**

- राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित **PKC-ERCP**) को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारम्भ किया गया।
- 20 लाख घरों में **Connections,** ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा हेतु 425 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) प्रारम्भ, 5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के कार्य होंगे।
- एक हजार **Tube wells** व एक हजार 500 **Handpumps** लगाए जाएंगे।
- सांगोद (कोटा) में जल शोधन संयंत्र बनेगा।

**ऊर्जा :**

- आगामी वर्ष 6 हजार 400 **Mega Watt (MW)** से अधिक अतिरिक्त उत्पादन का लक्ष्य।
- 5 हजार 700 Mega Watt (MW) ऊर्जा उत्पादन के कार्य होंगे।
- रबी, 2025 हेतु विद्युत वितरण के Peak Supply में वृद्धि कर 20 हजार 700 Mega Watt बिजली Supply दी जाएगी।
- निजी क्षेत्र के माध्यम से आगामी वर्ष 10 Giga Watt (GW) ऊर्जा का उत्पादन होगा।
- मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को चरणबद्ध रूप से नि:शुल्क Solar Plants, 150 **Units** बिजली प्रतिमाह नि:शुल्क उपलब्ध होगी। तथा अल्प आय वर्ग के परिवारों के लिए सामुदायिक Solar Plants स्थापित होंगे।

**सड़क :**

- State Highways, Bypass Roads, Flyovers, Elevated Roads, ROBs व RUBs, Bridges आदि के निर्माण, repair तथा उन्नयन के कार्य 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न कार्य होंगे।
- 9 **Green Field Expressways** 2 हजार 750 किलोमीटर से अधिक लम्बाई के 60 हजार करोड़ रुपये की लागत से Hybrid Annuity Model (HAM)/BoT) पर बनाए जाएंगे।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 करोड़ रुपये की राशि से नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य, मरुस्थलीय क्षेत्रों में यह राशि 15-15 करोड़ रुपये प्रति विधानसभा क्षेत्र होगी।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना **(PMGSY)**—चतुर्थ चरण, एक हजार 600 बसावटों को आगामी 2 वर्षों में डामर सड़क से जोड़ना।

- 15 शहरों में **'Ring Roads'** के निर्माण कार्य हेतु DPR बनेगी, 50 करोड रुपये का प्रावधान किया।
- सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अम्बाबाड़ी एवं विद्याधर नगर (टोडी मोड़ तक) Jaipur Metro का कार्य शुरू होगा। 12 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी।
- मेट्रो नवीन रूट जगतपुरा एवं वैशाली नगर क्षेत्रों में Metro के विस्तार हेतु DPR बनेगी।
- सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 150 करोड़ रुपये का fund दिया जाएगा।
- महात्मा गाँधी नरेगा (MGNREGS) योजनान्तर्गत 3 हजार 400 लाख मानव दिवसों का सृजन होगा।
- स्वामित्व योजना के तहत Drone Survey कर 2 लाख परिवारों को नए पट्टे दिए जाएंगे।

**नगरीय विकास :**

- द्रव्यवती नदी का पर्यटन की दृष्टि से अपग्रेडेशन होगा।
- 7 वर्षों की अवधि की पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना में लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- समस्त संभाग मुख्यालयों सहित 32 शहरों में Solid Waste Management सम्बन्धी कार्य होंगे।
- 100 अत्याधुनिक Robotic three-in-one सीवरेज सफाई मशीनें लाई जाएंगी।
- 14 उच्च शहरीकृत शहरों एवं इनके 42 Satellite Towns में पर्यटन, Heritage, Command Control Centre व बाढ़ प्रबंधन सम्बन्धी कार्य होंगे।
- महिलाओं के लिए 500 पिंक टॉयलेट का निर्माण होगा।

**औद्योगिक विकास :**

- Investment facilitation हेतु **'Single Window – One Stop Shop'**, Online Permissions की संख्या को बढ़ाकर 149 करना।
- Rising Rajasthan MoUs के क्रियान्वयन को गति देने के लिए PMU का गठन होगा।
- बिचून (जयपुर), खैरथल-तिजारा के औद्योगिक क्षेत्रों में Flatted Factory की व्यवस्था लागू की जाएगी।
- DMIC से लिंक कर 2 लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की जाएगी।
- Trading Sector के विकास एवं संवर्द्धन हेतु **Rajasthan Trade Promotion Policy** लायी जाएगी।
- कोटा में Toy Park, निम्बाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ व बूँदी में Stone Parks, सोनियाणा-चित्तौड़गढ़ में Ceramic Park, DMIC के अन्तर्गत Pharma Park की स्थापना, भीलवाड़ा में Textile Park का विस्तार तथा सांगानेर-जयपुर में Block Printing Zone की स्थापना होगी।

**पर्यटन, कला एवं संस्कृति :**

- पर्यटन विकास की गतिविधियों के लिए इस वर्ष 975 करोड रुपये खर्च होंगे।
- प्रदेश में Night Tourism को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- ऐतिहासिक कलात्मक हवेलियों के संरक्षण हेतु शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना एवं Heritage Walk।
- लोक गायकों एवं संगीतकारों हेतु बीकानेर में गवरी देवी कला केन्द्र।
- संस्कृति पोर्टल-गाँवों, मंदिरों के इतिहास को रिकॉर्ड करना।
- आदिवासी बाहुल्य जिलों में 100 करोड़ रुपये व्यय कर **'Tribal Tourist Circuit'** विकसित किया जाएगा।
- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना- 6 हजार वरिष्ठजन को हवाई मार्ग से यात्रा तथा 50 हजार को AC Train से तीर्थ यात्रा करायी जाएगी।
- विभिन्न मंदिरों के उन्नयन हेतु 101 करोड़ रुपये, मंदिरों में भोग की राशि को बढ़ाया जाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह एवं पुजारियों का मानदेय 7 हजार 500 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा।
- राज्य स्थित 29 हवाई पट्टियों को बड़े हवाई जहाज उतारने के योग्य बनाया जाएगा।
- प्रतापगढ़, झालावाड़ एवं झुंझुनूँ में Flying Training Organisation (FTO) की स्थापना होगी।

**युवा विकास एवं कल्याण :**

- 'राजस्थान रोजगार नीति-2025', 500 करोड़ रुपये का विवेकानन्द रोजगार सहायता कोष बनेगा।
- एक लाख 25 हजार (एक लाख पच्चीस हजार) पदों पर भर्तियाँ होंगी।
- 'विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना' प्रारम्भ, 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत **Interest Subsidy**, 5 लाख रुपये तक **Margin Money**।
- प्रत्येक संभाग में **Centre for Advanced Skilling and Career Counselling** की स्थापना होगी।
- कोटा में **Vishwakarma Skill Institute** बनेगा।
- जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर में वैदिक गुरुकुल एवं वैदिक पर्यटन केन्द्रों की स्थापना होगी।
- मिर्जेवाला-श्रीगंगानगर में सैनिक स्कूल तथा अलवर, बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर व कोटा में बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना होगी।
- कोटा, जोधपुर, जयपुर एवं सीकर में युवा साथी केन्द्र बनेंगे।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य :**

- आमजन की नि:शुल्क जाँच एवं दवा हेतु 3 हजार 500 करोड़ (तीन हजार पाँच सौ करोड़) रुपये का **'MAA** कोष' का गठन होगा।
- 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही नि:शुल्क दवा उपलब्ध करवाई जाएगी।
- **148 Urban Ayushmaan Aarogya Mandir (UAAM)** की स्थापना होगी।
- समस्त संभाग मुख्यालयों पर **Ultra Advanced Burn Care Centres** बनेंगे।
- सभी संभाग मुख्यालयों पर **Dedicated Geriatric Centres** (रामाश्रय) का उन्नयन होगा।

- **'Fit Rajasthan'** अभियान, 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, diet में edible oil की मात्रा में न्यूनतम 10 प्रतिशत कमी करने के लिए भी प्रेरित करना।
- नवीन आयुष नीति, गाँवों को आयुष्मान आदर्श ग्राम घोषित कर 11 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**सड़क सुरक्षा :**

- Delhi-Jaipur, Jaipur–Agra तथा jaipur–Kota Highways पर सड़क सुधार के कार्य करवाते हुए **'Zero Accident Zones'** बनाना।

**सामाजिक सुरक्षा :**

- अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं/एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों को देय पेंशन बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रतिमाह की जाएगी।
- विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के लिए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना'
- माटी कला से जुडे कलाकारों को 2 हजार **Electric Wheels** (इलेक्ट्रिक चाक) एवं मिट्‌टी गूंथने की मशीनें दी जाएंगी।
- **'Gig and Unorganised Workers Development Fund'**–Unorganised Sector के अन्य श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा Coverage, 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया।
- सभी संभागीय मुख्यालयों पर 50 Bedded सरस्वती **Half Way Homes** बनेंगे।
- 10 जिला मुख्यालयों पर Girl Child Care Institutes बनेंगे।
- प्रत्येक Block पर एक उच्च माध्यमिक विद्यालय अथवा महाविद्यालय में रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र बनेगा।
- बालिकाओं को 35 हजार **Scooty** वितरण होगा।
- महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाये जाने का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख किया।
- मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी पर सप्ताह में 5 दिवस दूध दिया जाएगा।
- 5 हजार उचित मूल्य की दुकानों पर 'अन्नपूर्णा भण्डार' खोले जाएंगे।

**कानून व्यवस्था :**

- Surveillance एवं सुरक्षा तंत्र सुदृढ़ करने के लिए 'राजस्थान नागरिक सुरक्षा अधिनियम' लाया जाएगा।
- 2 वर्षों में पुलिस विभाग को एक हजार वाहन उपलब्ध करवाए जाएँगे तथा 3 हजार 500 नवीन पुलिस पद सृजित।
- पुलिस की विभिन्न इकाइयों के लिए replacement basis पर 500 वाहन।
- **Sardar Patel Centre for Cyber Control and War-Room** की स्थापना होगी।

**सुशासन :**

- आगामी वर्ष प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले पंचायत मुख्यालयों में अटल ज्ञान केन्द्र खोले जाएंगे।
- विभिन्न विभागों के कार्यों को online कर paperless करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को Tablets दिए जाएंगे।
- 400 करोड़ रुपये से नवीनतम तकनीक आधारित **RajNET 2.0,** इसके माध्यम से Connectivity की क्षमता में दोगुनी वृद्धि होगी।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक जनसुनवाई केन्द्र खुलेंगे।

**कार्मिक कल्याण :**

- समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी।
- NFSA राशन वितरण का कार्य संभाल रहे Dealers के कमीशन में भी 10 प्रतिशत वृद्धि होगी।
- न्यायिक सेवा के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिया जाएगा।
- सरकारी कर्मचारियों को एक अप्रेल, 2024 से बढ़ी हुई Gratuity का लाभ देय है।
- पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में भी आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

**कृषि बजट :**

- राम जल सेतु लिंक परियोजना को और वृहद रूप देते हुए 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य होंगे।
- **PM** किसान सम्मान निधि की राशि में वृद्धि, आगामी वर्ष से 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे।
- गेहूँ के Minimum Support Price (MSP) के ऊपर प्रति क्विंटल **Bonus** राशि को भी बढ़ाकर 150 रुपये किया गया।
- राजस्थान कृषि विकास योजना **(RajKVY)** के अन्तर्गत आगामी वर्ष एक हजार 350 करोड़ रुपये के कार्य होंगे।
- आगामी वर्ष में, एक हजार **Custom Hiring Centres** बनेंगे।
- 11 लाख 50 हजार किसानों को संकर मक्का, 8 लाख किसानों को बाजरा, 5 लाख किसानों को मूंग व मोठ, 7 लाख किसानों को सरसों बीज तथा एक लाख 50 हजार जनजातीय कृषकों को सब्जियों हेतु 35 लाख बीज मिनीकिट दिए जाएंगे।
- **Centre of Excellence of Artificial Intelligence in Agriculture** की स्थापना होगी।
- बाँसवाड़ा में **Centre of Excellence for Maize** की स्थापना होगी।
- भरतपुर में **Centre of Excellence for Honey Bee-keeping** की स्थापना होगी।
- लगभग 75 हजार किसानों को 30 हजार किलोमीटर लम्बाई में तारबन्दी हेतु अनुदान दिया जाएगा, 324 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- मिड-डे-मील कार्यकम तथा माँ-बाड़ी केन्द्रों में Pilot Basis पर श्रीअन्न आधारित उत्पाद Introduce किए जाएंगे।

- एक लाख भूमिहीन कृषि श्रमिकों को 5 हजार रुपये लागत तक के कृषि यंत्र एवं उपकरण दिए जाएंगे।
- **Global Rajasthan Agri-Tech Meet (GRAM)** का आयोजन होगा।
- **Gopal Cedit Card** योजना के अन्तर्गत संख्या बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त ऋण, 150 करोड़ (एक सौ पचास करोड़) रुपये का अनुदान दिया जाएगा।
- नवीन स्थापित 8 जिलों में क्रय-विक्रय सहकारी संघों (KVSS) की स्थापना होगी।
- अनूपगढ़-श्रीगंगानगर में मिनी फूड पार्क, सांचौर-जालोर में एग्रो फूड पार्क बनेंगे।
- बारां में लहसुन उत्कृष्टता केन्द्र बनेगा।
- 3 हजार प्याज भंडारगृहों के निर्माण होंगे।

**पशुपालन एवं डेयरी :**

- 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' दायरा बढ़ाते हुए आगामी वर्ष प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुपालकों की संख्या को दोगुना कर 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय होगा।
- पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या को बढ़ाकर 200 किया गया है।
- नवीन दुग्ध संयंत्र-अलवर, उदयपुर, बाँसवाड़ा, भरतपुर व सवाई माधोपुर में।
- गोशालाओं तथा नंदीशालाओं हेतु प्रति पशु देय अनुदान को बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन किया गया।
- बस्सी-जयपुर में Sex Sorted Semen Lab स्थापित होगी।

**Green Budget :**

- राज्य का प्रथम **Green Budget** प्रस्तुत किया गया।
- 10 बिन्दुओं पर विशेष focus-(1) Climate Change Adaptation, (2) Forest and Environment-Biodiversity/Ecology, (3) Sustainable Agriculture, Water Harvesting/Recharge, (4) Sustainable land use, (5) Green Energy, (6) Recycling and waste Disposal – Circular Economy, (7) Clean Tech Development, (8) Green Audit, (9) Capacity Building-Education, Skilling, (10) Green Funding.
- 5 वर्षीय **Climate Change Adaptation Plan–2030**
- 150 करोड़ रुपये की लागत से **Centre of Excellence for Climate Change** स्थापित होंगे।
- मिशन हरियाळो राजस्थान के अन्तर्गत 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।
- Green cover को बढ़ाये जाने की दृष्टि से **Tree Outside Forest (ToFR) Policy** तथा **Agro-Forestry Policy** लायी जाएगी।
- घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से सवाई माधोपुर में पालीघाट के निकट घड़ियाल **Rearing Centre** बनेगा।
- अमरख महादेव-उदयपुर व गंगा भैरव घाटी-अजमेर में Leopard Conservation Reserves तथा नाहरगढ़ अभयारण्य-जयपुर के बीड़ पापड़ क्षेत्र में **Leopard Safari**।
- **मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0**–आगामी वर्ष 4 हजार 700 से अधिक गाँवों में Water Harvesting Structures के एक लाख 10 हजार कार्य 2 हजार 700 करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- विकसित राजस्थान @2047 हेतु GIS आधारित **Green Land Use Perspective Plan** बनेगा।
- सौर उपकरणों के निरन्तर बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए सोलर दीदी के रूप में नवीन मानदेय कैडर बनेगा।
- आगामी वर्ष स्वयं सहायता समूह की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- समस्त जिला मुख्यालयों पर **Waste of Wealth Parks (Circularity Parks)** बनेंगे।
- ग्राम पंचायतों पर Steel के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए 'बर्तन बैंक' बनेंगे।
- **Clean and Green Technology Development Centre** की स्थापना होगी, इस पर 250 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।
- 900 करोड़ रुपये का कोष गठित कर आगामी 3 वर्षों में **Clean and Green-Eco Cities** विकसित की जाएंगी।
- 250 करोड़ रुपये राशि की 'हरित अरावली विकास परियोजना' शुरू की जाएगी।

❑❑❑

# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिन्दी की प्रसिद्ध पुस्तकें बाजार में उपलब्ध




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com